# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

## Five Day workshop on Innovative Development and Trends in Printing and Packaging Technology

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 05-10-2022**

# कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र के रूझानों से करवाया अवगत

विजय कौशिक



कार्यशाला में विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ।

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रूझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र में हो रहे बदलवों को जानने समझने का मौका मिला। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल, टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के संजय जैन व मोहित सैनी, सेनडन ग्लोबल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के टिंकू शर्मा व सकाटा इंक प्राइवेट लिमिटेड के सोमपाल सिंह विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दूसरे दिन संजय जैन ने डिजिटल पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं बदलावों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में मोहित सैनी ने ग्रीन प्लेट्स एंड केमिकल्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के तीसरे दिन टिंकू शर्मा ने फ्लेक्सो तकनीक में हो रहे नवाचार एवं रूझानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। चौथे दिन विशेषज्ञ सोमपाल सिंह ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं व तकनीक के विकास से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-10-2022**

# प्रिंटिंग और पैकेजिंग क्षेत्र में अवसरों के बारे में दी जानकारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र में हो रहे बदलाव को जानने और समझने का मौका मिला। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया के बारे में बताया। संजय जैन ने डिजिटल पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं बदलावों के बारे में जानकारी दी। मोहित सैनी ने ग्रीन प्लेट्स एंड केमिकल्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। टिंकू शर्मा ने फ्लेक्सो तकनीक में हो रहे नवाचार से अवगत कराया। चौथे दिन विशेषज्ञ सोमपाल सिंह ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं व तकनीक के विकास से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को नारनौल में प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण करवाकर विषय की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध करवाई गई। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 05-10-2022**

## हकेवि में पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

# विशेषज्ञों ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र के रुझानों से करवाया अवगत

**भास्कर न्यूज** | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने समझने का मौका मिला। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल, टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के संजय जैन व मोहित सैनी, सेनडन ग्लोबल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के टिंकू शर्मा व सकाटा इंक प्राइवेट लिमिटेड के सोमपाल सिंह विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे।



स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसाइक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दूसरे दिन संजय जैन ने डिजिटल पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं बदलावों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में मोहित सैनी ने ग्रीन प्लेट्स एंड केमिकल्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के तीसरे दिन टिंकू शर्मा ने फ्लेक्सों तकनीक में हो रहे नवाचार एवं रुझानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 05-10-2022**

## हकेवि में 5 दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

# विशेषज्ञों ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र के बदलावों से करवाया अवगत

नारनौल, 4 अक्तूबर (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रूझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने समझने का मौका मिला। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल, टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के संजय जैन व मोहित सैनी, सेनडन ग्लोबल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के टिंकू शर्मा व सकाटा इंक प्राइवेट लिमिटेड के सोमपाल सिंह विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे।



नारनौल में मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ शिक्षक। -निस

कार्यशाला के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समन्वयक विभाग के सहायक आचार्य तरूण सिंह, शम्मी मेहरा जबकि आयोजन समिति में विभाग प्रभारी संदीप बूरा सहित अनिल कुंडू व निशान सिंह शामिल थे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 05-10-2022**

# ह.के.वि. में पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**■ विशेषज्ञों ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र के रूझानों से करवाया अवगत**



*कार्यशाला में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी शिक्षकों व विशेषज्ञों के साथ।*

महेंद्रगढ़, 4 अक्तूबर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.के.वि.), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने समझने का मौका मिला। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल, टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के संजय जैन व मोहित सैनी, सेनडन ग्लोबल इंजीनियरिंग टैक्नोलॉजी लिमिटेड के टिंकू शर्मा व सकाटा इंक प्राइवेट लिमिटेड के सोमपाल सिंह विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउन सायक्लिंग प्रक्रिया पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यशाला के दूसरे दिन संजय जैन ने डिजिटल पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं बदलावों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में मोहित सैनी ने ग्रीन प्लेट्स एंड केमिकल्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के तीसरे दिन टिंकू शर्मा ने फ्लेक्सो तकनीक में हो रहे नवाचार एवं रूझानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

चौथे दिन विशेषज्ञ सोमपाल सिंह ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं व तकनीक के विकास से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को नारनौल में प्रिंटिंग प्रैस का शैक्षणिक भ्रमण करवाकर विषय की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

कार्यशाला के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समन्वयक विभाग के सहायक आचार्य तरूण सिंह, शम्मी मेहरा हैं जबकि आयोजन समिति में विभाग प्रभारी संदीप बूरा सहित अनिल कुंडू व निशान सिंह सम्मिलित हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, प्रभारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।